उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404
E-mail ID- sosewa03@gmail.com

संख्या : 49/04(vii)/डी0आर0/वि0नि0नि0प0/सेवा–3/2022–23, दिनांक : 31 अक्टूबर, 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा रेशम विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सहकारिता पर्यवेक्षक समूह 'ग' सीधी भर्ती के रिक्त 02 पदों एवं शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत विभिन्न निकायों/निगमों में पर्यावरण पर्यवेक्षक समूह 'ग' सीधी भर्ती के रिक्त 53 पदों पर चयन हेतु विज्ञापन संख्या–A-2/DR/S-3/2023-24, दिनांक 10 जुलाई, 2023 के माध्यम से **'सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह 'ग') परीक्षा–2023'** का विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के अनुक्रम में दिव्यांगजन अभ्यर्थी जिनके द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में श्रुतलेखक का दावा किया गया है, ऐसे अभ्यर्थी श्रुतलेखक के सम्बन्ध में किये गये दावे के सापेक्ष 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता के लिए **परिशिष्ट–6(1)** एवं **परिशिष्ट–6(2)** तथा ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है, के लिए **परिशिष्ट– 7(1)** एवं **परिशिष्ट–7(2)** को पूर्णतः भरते हुए श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो के साथ परिशिष्ट–6(2) अथवा परिशिष्ट–7(2) में किये गये दावे के आधार पर श्रुतलेखक की शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अंक–तालिका/प्रमाण–पत्र किसी भी माध्यम से आयोग कार्यालय में **दिनाँक 10 नवम्बर, 2023 (शुक्रवार)** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त तिथि के पश्चात श्रुतलेखक उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित किसी भी दिव्यांग अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। दिव्यांग अभ्यर्थी उक्त परिशिष्ट आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी, जिनके द्वारा श्रुतलेखक आयोग कार्यालय से उपलब्ध कराये जाने का दावा ऑनलाइन आवेदन पत्र में किया गया है, को हरिद्वार में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जायेगा। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि से 02 दिन पूर्व अर्थात **दिनांक 17 नवम्बर, 2023** को लोक सेवा आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर श्रुतलेखक से मिल सकते हैं।

-Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।